recently and based on the same, quantities to be dredged are under computation.

(d) Does not arise.

विदेश नीति में परिवर्तन

*48. डा० अबरार अहमद : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि विश्व में अब केवल एक ही महाशक्ति रह गई है, क्या भारत की विदेश नीति में कोई परिवर्तन हुआ है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) शिमला समझौते को लागू करने में क्या कठिनाइयां पेश आ रही हैं तथा इसके कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं; और

(ग) क्या इस संबंध में कहीं से कोई मदद ली जा रही है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एदुआर्डो फेलेरियो) : (क) भारत की विदेश नीति ऐसे सिद्धान्तों पर आधारित है जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं और जो हमारे राष्ट्रीय हितों को परिलक्षित करते हैं। हालांकि हम दुनिया के सिद्धान्तों का दृढ़ता से पालन करते हैं फिर भी सरकार ने इस बात का सुनिश्चय किया है कि भारत के राजनयिक प्रयासों में बदलती हुई अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल बनाने के लिए आवश्यक लचीलापन हो। शीतयुद्ध के युग की जगह अब प्रमुख शक्तियों के बीच सहयोग और हितों की समस्या का युग आ गया है। नए आर्थिक शक्ति केन्द्र भी उभरकर सामने आए हैं। सरकार चुनौतियों का सामना करने और बदलती हुई अंतर्राष्ट्रीय स्थिति द्वारा उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रयास कर रही है।

(ख) भारत के प्रति पाकिस्तान का नकारात्मक दृष्टिकोण, आतंकवाद को उसका समर्थन और आन्तरिक मामलों में उनका हस्तक्षेप, शत्रुतापूर्ण प्रचार को रोकने जैसे शिमला समझौते के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन ने शिमला समझौते में यथाव्यवस्थित सौहार्दपूर्ण संबंधों की स्थापना में गतिरोध पैदा किया है।

सरकार ने पाकिस्तान की सरकार पर इस बात का जोर देने के लिए सभी प्रयास किए हैं कि उसे शिमला समझौते के प्रावधानों का पालन करने की आवश्यकता है जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों के संचालन के लिए उपयुक्त रूपरेखा है और जिसने इस क्षेत्र में लगभग दो दशाब्दों से शांति और स्थायित्व बनाया हुआ है।

(ग) सरकार का विचार यह है कि पाकिस्तान के साथ मतभेदों को द्विपक्षीय और शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाए जैसा कि शिमला समझौते में कहा गया है।

Training of ULFA Militants in Bangladesh

*49. SHRI S. S. AHLUWALIA; SHRI RANJIT SINGH:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the ULFA militants are getting training and arsenal in Bangladesh;

(b) if so, what is the number of trained militants who have been apprehended in India till October, 1991:

(c) whether Government have taken up the matter with the Government of Bangladesh;

(d) if so, what is the reaction of the Bangladesh Government in this regard;

(e) whether Government propose to raise this issue at international fora; and

(f) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI EDUARDO FALETRO): (a) and (b) Government are aware of